## खबर संक्षेप

### मरही माता मंदिर से आज निकलेगी पैदल यात्रा

**स्लीमनाबाद।** बनवारी दास महाराज की कृपा से शुक्रवार को मरही माता मंदिर से विशाल पैदल यात्रा रुपनाथ धाम तक निकाली जाएगी। शिष्य मंडल बहोरीबंद एवं भारत वर्ष के द्वारा सभी लोगो से विशाल पैदल यात्रा मै शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

### ओंकार प्रसाद साहू को बचैया हा.से. स्कूल के प्राचार्य का मिला प्रभार

**स्लीमनाबाद।** बहोरीबंद विकासखंड अंतर्गत ए एल राय शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बचैया में वरिष्ठ शिक्षक ओंकार प्रसाद साहू को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौपा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने पूर्व प्रभारी प्राचार्य राजीव सिंह दाहिया को लाफ़रवाही के चलते हटाकर वरिष्ठ शिक्षक ओंकार साहू को जवाबदेही दी है। गौरतलब है कि बचैया हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालन को लेकर प्रभारी प्राचार्य राजीव सिंह दाहिया के द्वारा जवाबदेही नहीं निभाई जा रही थी कुछ मामलों की जाँच के लिए डीईओ ने जाँच टीम गठित की जिसमें जाँच टीम ने राजीव सिंह दाहिया को पदीय दायित्वों के निर्वहन पर लाफ़रवाही बरतना पाया जिसके परिणाम स्वरूप राजीव सिंह दाहिया को प्राचार्य पद से हटाया गया ओर वरिष्ठ शिक्षक ओंकार प्रसाद साहू को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौपा गया। गुरुवार को ओंकार साहू ने पदभार ग्रहण किया। प्राचार्य पद की जवाबदेही मिलने पर स्कूल शिक्षक स्टॉफ ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सरपंच राहुल कोरी, सुशील कुमार जैन,राकेश कुमार राय, कृष्ण कुमार तिवारी, जितेंद्र मिश्रा, सुनील बर्मन, राजीव दाहिया एवं स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहा।

### कलेक्टर एवं एसपी ने किया ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा मासिक निरीक्षण के तहत गुरूवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यो का जायजा लिया तथा संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों के सही रख-रखाव का भी अवलोकन किया। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह मौजूद रहे।

## बड़वारा क्षेत्र में नियम व निर्देशों को ताक पर रखकर बेरोकटोक दौड़ रहे आटो

# सुरक्षा से खिलवाड़ः स्कूली बच्चों को आटो में ठूंस कर कराया जा रहा जोखिम भरा सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर फिक्र करने का दिखावा तो किया जाता है लेकिन सख्ती से नियमों का पालन कराने में लापरवाही बरती जा रही है। बड़वारा क्षेत्र में स्कूली बच्चों को आटो में इस तरह से बैठाकर एवं खड़ा कर लाते ले जाते देखा जा सकता है जिसे देखकर यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि हादसे कभी भी हो सकता है।

ऑटो चालक के द्वारा मनमानी करते हुए स्कूल नन्हे मुन्ने बच्चों को क्षमता से अधिक बैठाकर एवं ऑटो के पीछे लटका कर उनके जिंदगी को जोखिम में डाल रहे है। ऑटो चालकों द्वारा ड्राइवर शीट के दोनों साइड पर 3 से 4 बच्चे को बैठाकर ऑटो चलाया जा रहा है एवं ऑटो के पीछे 4 से 5 बच्चों को लटका कर कई किलोमीटर तक सफर कराते हैं। अनेक छोटे बड़े गड्ढे से होकर ऑटो गुजरती है जिसमें कही भी बड़े हादसे





होने की आशंका बनी रहती है। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ऑटो चालकों पर किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है जिससे नियमों एवं आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

### एक ऑटो में 15 से 18 स्कूली बच्चे

ऑटो वाले अपनी कमाई के लिए स्कूली बच्चों की सुरक्षा दांव पर लगा देते हैं। एक ऑटो में 15 से 18 बच्चे बैठाना तो आम बात है। ठूंस-ठूंसकर बैठाए गए बच्चे ऑटो में लटकते रहते हैं, वहीं ड्राइवर अपनी सीट पर भी दोनों ओर बच्चों को बैठाकर चलते हैं। इतना ही नहीं बच्चों के स्कूल बैग भी ऑटो में रखना होते हैं । इससे ऑटो में बैठना कठिन हो जाता है। इसी तरह स्कूली वैन के हाल रहते हैं, जबकि नियम के मुताबिक ऑटो में 5 से अधिक बच्चों को नहीं बैठाया जाना चाहिए।

गौरतलब है कुछ समय पहले नन्हवारा सेझा गांव के आस पास क्षमता से अधिक ओवर लोड ऑटो के पलट जाने से लगभग 8 से 9 लोगों को गंभीर चोटे आई ।थी कुछ मरीजों को जिला अस्पताल कटनी भी बड़वारा अस्पताल केंद्र से रेफर किया गया था लेकिन उसके बाद भी प्रशासन नहीं जागा और न ही किसी ऑटो चालकों के ऊपर कार्यवाही की गए।

### इनका कहना है

इस संबंध में थाना प्रभारी बड़वारा केके पटेल का कहना है कि यदि ऑटो चालकों के द्वारा ऑटो में छात्र छात्राओं को ओवर लोड भरकर चलाया जा रहा है तो यह गम्भीर विषय है। ऑटो चालकों को क्षमता से अधिक छात्र छात्राओं को न बैठाने की चेतावनी दी जाएगी यदि फिर भी न मानेंगे तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तेज बारिश के बीच कलेक्टर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत घुघरा में गुरुवार को आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे। यहां हो रही झमाझम बारिश के बावजूद उन्होंने 33 ग्रामीणों की समस्यायें और शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और एस डी एम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।

### अतिक्रमण हटवायें

लोकसुनवाई के दौरान घुघरा के निवासी संतोष, दिलीप, लेखराज एवं अन्य ग्रामीणों ने आवेदन देते हुये बताया कि घुघरा, मुरावल, हृदयनगर, बढ़ैयाखेरा, बाणसागर एवं भटिया टोला में सरकारी जमीन एवं वन विभाग की जमीनों पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

लोकसुनवाई के दौरान ग्राम बाणसागर निवासी अनीता बाई और रामरूप केवट ने सुनने में कठिनाई बताते हुये कलेक्टर श्री यादव से श्रवण यंत्र दिलाने का आग्रह किया। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने सामाजिक न्याय विभाग को श्रवण यंत्र प्रदान करने के निर्देश दिए।

मुरावल ग्राम के ग्रामीणों ने कलेक्टर को बौल्हा जलाशय की मरम्मत कराने की मांग करते हुये कहा कि यह जलाशय जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। जलाशय की मरम्मत से किसानों की सिंचाई हेतु पानी की समस्या समाप्त हो जायेगी। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने जल संसाधन विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### उपस्थित रहे डॉक्टर

ग्राम घुघरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि घुघरा के पशु औषधालय में पशु चिकित्सक अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। इसके अलावा पशुओं का इलाज कराने पर पैसा लिया जाता है। इस पर कलेक्टर ने वेटनरी विभाग को आवश्यक कार्यवाही कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

*एसपी ने कैमोर थाना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा*

# पुलिस कप्तान ने कहा अपराध नियंत्रण के लिए करें गश्त, लोगों का जीते भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गुरूवार को पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा ने कैमोर पहुंचकर थाना का निरीक्षण किया। एसपी ने पुलिसिंग व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सख्त निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर का विस्तृत अवलोकन करते हुए पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी विश्वकर्मा ने मालखाना, बंदीगृह, कंप्यूटर कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क एवं थाना रिकॉर्ड का गहन परीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी सहित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत



को गंभीरता से सुना जाए तथा प्रत्येक आवेदन का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

एसपी ने स्पष्ट कहा कि अपराधों की रोकथाम और नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। चोरी, नकबजनी एवं अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए थाना क्षेत्र में गश्त को और अधिक सघन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में पुलिस की सतत एवं प्रभावी उपस्थिति दर्ज हो तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद और भरोसे का रिश्ता मजबूत किया जाए। विशेषकर महिला एवं कमजोर वर्ग से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों के व्यवहार को आमजन के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक बनाए रखने पर भी जोर दिया। एसपी विश्वकर्मा ने पुलिस अधिकारियों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि नागरिकों की सुरक्षा और अपराधों की रोकथाम पुलिस की पहली प्राथमिकता है। चोरी, नकबजनी और संपत्ति संबंधी अपराधों पर नकेल कसने के लिए गश्त को और सघन करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना प्रभारी को यह भी ताकीद की कि क्षेत्र में पुलिस की सतत उपस्थिति दिखनी चाहिए, ताकि आमजन में भरोसा और अपराधियों में खौफ कायम रहे। खासतौर पर महिला एवं कमजोर वर्ग से जुड़ी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

एसपी ने पुलिस कर्मियों के व्यवहार को भी कसौटी पर कसते हुए कहा आमजन से संवेदनशील और सहयोगात्मक व्यवहार ही पुलिस की असली पहचान है।

### भागवत कथा में श्रीकृष्ण रूकमणि विवाह का सुनाया प्रसंग



**उमरियापान।** क्षेत्र के बारगांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत कथा वाचक आचार्य मनीष गर्ग ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह की पावन कथा का रसपान कराया। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर जय श्रीकृष्ण के उद्घोष लगाते रहे। कथा वाचक आचार्य मनीष गर्ग ने रुक्मिणी के श्रीकृष्ण के प्रति अनुराग और उनके विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। जैसे ही कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनाया गया, पंडाल भक्ति गीतों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने इसे दिव्य संगम का स्वरूप मानते हुए नृत्य-कीर्तन कर उल्लास व्यक्त किया। गणेश उत्सव समिति द्वारा हनुमान मंदिर में आयोजित कथा के दौरान आचार्य ने बताया कि रुक्मिणी विवाह प्रसंग भक्तों को यह प्रेरणा देता है कि सच्ची भक्ति और आस्था से भगवान को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और प्रसंग का आनंद उठाया।

# बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में कौशल विकास केंद्र स्थापित करने की मांग, विधायक ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और रोजगार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार से बड़वारा क्षेत्र में नवीन कौशल विकास भवन एवं कौशल विकास केंद्र स्थापित करने की मांग की है। विधायक धीरेंद्र सिंह ने इस संबंध में राज्य मंत्री, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल को पत्र लिखकर अवगत कराया कि वर्तमान में बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के शिक्षित युवाओं के लिए किसी भी प्रकार का कौशल विकास केंद्र उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण स्थानीय युवा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से वंचित हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि युवाओं को



स्वावलंबी बनाने और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए बड़वारा, देवरी हटाई और सिलौंड़ी में नवीन कौशल केंद्र की स्थापना तथा ढीमरखेड़ा में नवीन भवन निर्माण आवश्यक है।

### मुरवारी में सौर ऊर्जा प्लांट की मांग तेज

बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने क्षेत्र में औद्योगिक विकास और नवीन रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किए जाने की मांग की है। भाजपा नेता योगेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक धीरेंद्र सिंह ने मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला को पत्र लिखकर अवगत कराया कि ढीमरखेड़ा जनपद के मुरवारी ग्राम एवं आसपास के चतुर्दिक क्षेत्रों में लगभग 10 हजार एकड़ भूमि विभिन्न औद्योगिक विकास के लिए चिन्हित की गई थी। इनमें से 500 एकड़ भूमि सौर ऊर्जा हेतु सुरक्षित रखी गई थी, लेकिन अब तक वहां किसी प्रकार का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि मुरवारी में उक्त भूमि पर सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किया जाए,ताकि क्षेत्र का बहुआयामी विकास सुनिश्चित हो सके।

*बड़वारा थाना तिराहा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन*

# प्रधानमंत्री की मां के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी पर राहुल गांधी का किया गया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बिहार में राहुल गांधी के द्वारा प्रधानमंत्री की मां के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने से बिफरे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की अगुवाई में बड़वारा में थाना तिराहा में राहुल गांधी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की मां के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी करने पर अपना विरोध व्यक्त किया।

### बयान की घोर निंदा

बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राजनिति में वैचारिक मतभेद विरोधाभास हो सकते हैं किंतु किसी के भी व्यक्तिगत जीवन पर अशोभनीय बातें करना बेहद निंदनीय है। राहुल गांधी ने जिस प्रकार की बयान बाजी किये हैं वह बर्दाश्त नही की जा सकती है, गलत बयानबाजी करने पर सभी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व आम जन समुदाय घोर निंदा करते हैं।



गुरुवार दोपहर लगभग 01 बजे बड़वारा थाना तिराहे में सैकड़ों की तादाद में एकत्रित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के द्वारा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ कहि गई बातों (गाली) की एक स्वर में निंदा की ततपश्चात विरोध स्वरूप राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

### इनकी रही मौजूदगी

बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, बड़वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, विलायतकला भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय सोनी, बीरभद्र दुबे उर्फ छोटू महाराज, मंडल महामंत्री सोनू गोस्वामी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विलायतकला अखिलेश श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वय महेंद्र जायसवाल,बिजेंद्र प्रताप सिंह, हर्ष द्विवेदी, केतन गर्ग, अज्जू सोनी, विकास पाल , सचिन सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी विलायतकला गणेश पूरी गोस्वामी समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आम जन मौजूद रहे।

*गिनीज बुक ऑफ विश्व रिकार्ड में नाम दर्ज कराने लगातार 120 घण्टे की थी पढ़ाई*

# क्षेत्र के युवाओं और विद्यार्थियों के प्रेरणा स्रोत हैं शिक्षक गंगाराम राजपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन की याद में हर साल भारत में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 5 सितंबर शुक्रवार को यानि आज है।

शिक्षा के क्षेत्र मे ऐसे ही एक शिक्षक स्लीमनाबाद के गंगाराम राजपाल है जो आज भी युवाओं व विद्यार्थियों के प्रेरणा स्रोत बने हुए है। कहते है शिक्षा ही समाज का आईना होता है। शिक्षा ही विकास की नींव है। ये बाते शिक्षक गंगाराम राजपाल पर सटीक बैठती है। शिक्षक गंगाराम राजपाल शिक्षक बन वर्तमान में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बंधी स्टेशन में पदस्थ है। उन्होंने बताया कि प्रारंभ पढ़ाई





में कमजोर थे उनकी सबसे बड़ी कमजोरी अंग्रेजी विषय ही था किन्तु कहते है ना जा चाह है वहां राह है। अंग्रेजी विषय के महत्व को ठान लिया और अंग्रेजी को अपनी कमजोरी नहीं बल्कि ताकत बना लिया। फिर तब से लगातार अथक प्रयास से आज अंग्रेजी विषय के विशेष शिक्षक बन बैठे है।

### विशेष प्रशिक्षण के लिए चयनित

प्रदेश स्तर का एक मात्र इंग्लिश लैंग्वेज टीचिंग संस्थान भोपाल में विशेष प्रशिक्षण के लिए गंगाराम राजपाल सर को चयनित किया गया है

जहाँ अँग्रेजी भाषा शिक्षण में नवाचार, नए शिक्षण कौशल, तकनीक, शिक्षण विधियां से परिचित होंगे। जिसका कटनी जिले के विद्यालयों एवं विद्यार्थियों को अंग्रेज़ी भाषा सीखने सिखाने मदद मिलेगी। इसके साथ ही अँग्रेजी भाषा के स्तर में भी सुधार होगा।

### शिक्षा के क्षेत्र में किये यह नेक कार्य

1- क्षेत्र के हजारों बच्चों को अंग्रेजी सिखाने क्षेत्र की पहली अंग्रेजी कोचिंग वर्ष 2008-09 में शुरू की।

2- विगत कई वर्षों से प्रत्येक वर्ष बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंको से पास होने वाले विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिये मेधावी छात्र सम्मान समारोह करते चले आ रहे हैं।

3- गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने के लिए वर्ष 2014 में लगातार 120 घन्टे पढ़ने का कार्य किया।

4. कटनी जिले मे तत्कालीन कलेक्टर अविप्रसाद के द्वारा बोर्ड परीक्षा के सुधार हेतु नवाचार किया गया। जिसमे नवाचार की टीम में अंग्रेजी विषय के विषय विशेषज्ञ के रूप में टीम में रखा गया।

5 सत्र 2024-25 में अंग्रेज़ी विषय के परीक्षा परिणाम में सुधार लाने हेतु गठित जिला परीक्षा नवाचार समिति, प्रश्न पत्र एवं मासिक टेस्ट निर्माण समिति में शामिल किया गया।

6 संभाग स्तरीय ब्रिज कोर्स प्रशिक्षण के लिए अंग्रेज़ी विषय का मास्टर ट्रेनर बनाया गया।

# दसलक्षण पर्व पर मंदिरों में विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

दस लक्षण पर्व के तहत प्रतिदिन जैन मंदिरों में विविध आयोजन हो रहे है। पयुर्षण पर्व पर भाद्रपद शुक्ल दशमी को सुगंध दशमी का पर्व मनाया। इस दिन सभी जैन मंदिरों में जाकर श्रीजी के चरणों में धूप अर्पित की। इससे वायुमंडल सुगंधित व स्वच्छ हो गया। धूप की सुगंध से स्लीमनाबाद का जिनालय महक उठा।

जिनालय में सांगानेर से आये पंडित अमन शास्त्री ने बताया कि सुगंध दशमी व्रत का दिगंबर जैन धर्म में काफी महत्व है। महिलाएं हर वर्ष इस व्रत को करती हैं। धार्मिक व्रत को विधिपूर्वक करने से मनुष्य के सारे अशुभ कर्मों का क्षय होकर पुण्य की प्राप्ति होती है तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही सांसारिक दृष्टि से उत्तम शरीर प्राप्त होना भी इस व्रत का फल बताया गया है। सुगंध दशमी के दिन हिंसा, झूठ,



चोरी, कुशील, परिग्रह इन पांच पापों के त्याग रूप व्रत को धारण करते हुए चारों प्रकार के आहार का त्याग, मंदिर में जाकर भगवान की पूजा, स्वाध्याय, धर्मचिंतन-श्रवण, सामयिक आदि में अपना समय व्यतीत करने का महत्व है।

इस दिन जैन धर्मावलंबी अपनी-अपनी श्रद्धानुसार कई मंदिरों में जाकर अपने शीश नवाकर सुंगध दशमी का पर्व उत्साह के साथ मनाया। साथ ही दसलक्षण पर्व के सातवे दिवस उत्तम तप धर्म मनाया गया। प्रातः काल में अभिषेक, शांतिधारा पूजन हुई।

इस दौरान सकल जैन समाज अध्यक्ष श्रेयांश जैन, सतीशचंद्र जैन,प्रदीप जैन, सुधीर जैन, महेश जैन, आकेश जैन, मयूर जैन, बबला जैन, नीशू जैन, पप्पू जैन, संदीप जैन सहित सकल जैन समाज की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### 48 हजार की अवैध शराब जब्त, 6 प्रकरण हुए दर्ज

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर आबकारी विभाग ने आबकारी वृत्त क्रमांक 03 अंतर्गत ग्राम बिचपुरा, टेढ़ी, मानपुर एवं ढरका टैंक में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुये भारी मात्रा में अवैध महुआ लाहन और हाथ भट्टी मदिरा जब्त की है। टीम ने दबिश के दौरान प्लास्टिक के गुम्मों में छिपाया गया 435 किलोग्राम महुआ लाहन और 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की। जब्त की गई सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 48 हजार रुपये आंकी गई है। टीम द्वारा मौके पर ही महुआ लाहन को नष्ट कर दिया गया। इस मामले में, आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क और च के तहत कुल 6 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एस.बी. कोरी, आबकारी उप-निरीक्षक केशव उइके, के.के. पटेल, अतुल कुटार, आंचल प्रजापति के साथ-साथ आबकारी आरक्षक रामसिंह, राजेश गौंटिया, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, किसनलाल बराडिया, सैनिक प्रभु लाल सेन शामिल थे।

### जिले में अब तक 958.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से गुरूवार 4 सितंबर तक कुल 958.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1231.7 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 916.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 4.5 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 1009.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1231.7 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 873 मिलीमीटर, बरही तहसील में 841 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 834.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 847.1 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1161.1 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 865.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### शराब दुकानों पर सुरक्षा के लिए लगाई गई ड्यूटी

**कटनी।** आगामी गणेश विसर्जन और मिलाद-उन-नबी पर्व के दौरान जिले में मदिरा दुकानों के आस-पास कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आबकारी अपराधों के प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने 5 और 6 सितंबर को अधिकारियों और कर्मचारियों की 3 टीम बनाकर ड्यूटी लगाई है। जारी आदेश के अनुसार, सूर्यभान कोरी सहायक जिला आबकारी अधिकारी, संतोष तिवारी और रविशंकर तिवारी की टीम घंटाघर, सुभाष चौक, स्टेशन रोड और गर्ग चौराहा क्षेत्र की जिम्मेदारी संभालेगी। केशव प्रसाद उइके (आबकारी उप निरीक्षक), श्रीराम सिंह और राजेश गौटिया की टीम बरगवां, झर्रा टिकुरिया, गायत्री नगर, एनकेजे और नयागांव क्षेत्र पर नजर रखेगी। इसके अलावा, अतुल कुटार, किशन लाल बरदिया, मनोज पाठक और प्रभु लाल सेन की टीम खिरहनी फाटक, खिरहनी गांव, मिशन चौक से पुरैनी तक के इलाकों में कानून-व्यवस्था और आबकारी अपराधों पर नियंत्रण के लिए तैनात रहेगी।

### श्रमिकों के पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** राज्य शासन के श्रम विभाग द्वारा गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों तथा असंगठित श्रमिकों के पंजीयन के लिए अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान की अंतिम तिथि 5 सितम्बर है। श्रम पदाधिकारी के बी मिश्रा ने बताया कि गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिक तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिक ई-श्रम पोर्टल www.eshram.gov.in पर जाकर सीधे अपने मोबाईल के माध्यम से या अपने निकटतम कामन सर्विस सेंटर पर सम्पर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं। निःशुल्क पंजीयन के लिए आधार नंबर, आधार नंबर से लिंक मोबाईल नंबर, तथा आईएफएससी कोड सहित बचत खाते की जानकारी देना होगा।

---

### स्लीमनाबाद क्षेत्र में बारिश से जन जीवन हुआ प्रभावित, विद्युत व्यवस्था चरमराई

# फिर सक्रिय हुआ मानसून, झमाझम बारिश से नदी नालों का बढ़ा जलस्तर

हरिभूमि न्यूज ⏩ स्लीमनाबाद



एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है। बीते करीब एक पखवाड़े तक बारिश का दौर थमा थमा सा नजर आ रहा था। बीच बीच में बूंदाबांदी का दौर चलता लेकिन बुधवार - गुरुवार की रात से मानसून ऐसा सक्रिय हुआ कि झमाझम बारिश से क्षेत्र के नदी -नाले उफान पर आ गये है खेत जलमग्न हो गए। वहीं कही जगहों पर आकाशीय बिजली भी गिरी। बारिश होने से किसानों को काफी राहत मिली क्योंकि काफी दिनों तक बारिश नहीं होने से खेतों में लगी फसलें मुरझाने लगी थी, फसलों को बचाने पानी की जरूरत थी किसान बहुत दिनों से झमाझम बारिश होने का इंतजार कर रहे थे। बुधवार -गुरुवार की रात को आसमान में मेघों की काली घटाए बारिश का अंबार लेकर आई। घने काले बादल छाये रहने के साथ गरज-चमक के साथ बादल बरसे। जिससे तापमान में भी गिरावट आई।

बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। जगह जगह जलभराव हो गया। जल निकासी के लिए नालियों को साफ-सफाई ग्राम पंचायतों के द्वारा नही कराई गई जिस कारण रहवासियों को जलभराव स्थिति के चलते आवागमन में समस्याओ का सामना करना पड़ा। जिससे ग्राम पंचायतों की व्यवस्था की हकीकत खुलकर सामने आ गई। बारिश के चलते लोग घरो मैं दुबके रहे । वही नदी व नाले उफान पर आ गए जिससे जल स्तर बढ़ा।

#### आवागमन हुआ प्रभावित

बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात से झमाझम बारिश से तहसील क्षेत्र के नदी व नाले उफान पर आ गए।स्लीमनाबाद की जीवनदायिनी कटनी नदी जल स्तर बढ़ने से उफान पर दिखी। जिससे बंधी स्टेशन से मटवारा मार्ग,खिरहनी से पिपरिया परौहा मार्ग पर बना रपटा डूब गया है।जिससे आवागमन प्रभावित हुआ।वही स्लीमनाबाद से बिलहरी मार्ग पर संगम नदी पर बना पुल डूब जाने से राहगीरों को अपने गंतव्य स्थानों तक पहुँचने के लिए दूसरे मार्गो का सहारा लेना पड़ा। सभी मार्गो पर संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचो ने पहुँचकर बेरिकेड्स लगाए ताकि लोग पुलों को पार न करे। वहीं गुरुवार को भी शाम 4 बजे से बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। भू अभिलेख विभाग से मिली जानकारी के तहत 4 सितंबर को सबसे ज्यादा बारिश 80 मिमी. स्लीमनाबाद मे हुई।

तेज बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। बारिश से ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद मैं अव्यवस्था की पोल खुलकर सामने आ गई। ग्राम पंचायत के वार्डो मैं बारिश काल पूर्व नालियों की साफ सफाई न कराने से गालियां जलमग्न हो गई। स्लीमनाबाद के वार्ड नं.11 मैं पूरा मार्ग जल निकासी न होने से जलमग्न हो गया।वही स्लीमनाबाद मुख्य तिराहा मैं भी यही हाल रहा। वही बारिश काल मे विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित हुई। ग्रामीण अंचलों मैं जगह जगह फाल्ट आ जाने से विद्युत व्यवस्था आपूर्ति ठप्प रही।

---

# जिले के लिए पहुंची 490 एमटी नीम कोटेड यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक गुरुवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 490 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है।

झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है।जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। कलेक्टर श्री यादव ने नगद उर्वरक विक्रय केन्द्रों और समितियों सहित निजी खाद दुकानों पर कड़ी नजर रखने सभी एस डी एम और कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से क ट नी डबल लॉक केन्द्र और बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए क्रमशः 90-90 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 100 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल को और प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़ को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। जबकि एमपी एग्रो कटनी को 30 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

#### कंट्रोल रूम में दें सूचना

कलेक्टर श्री यादव ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एवं बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दें।

---

*किसान संगठनों के साथ सभी अनुविभागों में बैठक का आयोजन*

# किसानों को नरवाई प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रों एवं योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सभी एसडीएम को उर्वरक उपलब्धता और वितरण व्यवस्था के संबंध में किसान संगठनों के साथ बैठक आयोजित करने के दिये निर्देश के पालन में कटनी, विजयराघवगढ़, बहोरीबंद व ढीमरखेड़ा अनुविभाग में जनप्रतिनिधियों व किसानों की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई।

कटनी अनुविभाग में एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। इसी प्रकार एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता और एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी, जागरूक प्रगतिशील कृषक एवं कृषि अमले की संयुक्त बैठक आयोजित की। जिसमें एसडीएम श्री चौरसिया ने उर्वरक वितरण व्यवस्था सहित नरवाई प्रबंधन के नजरिये से अनुदान पर हैप्पी सीडर और सुपर सीडर क्रय हेतु योजनाओं की जानकारी दी।

इसके अलावा विकासखंड ढीमरखेड़ा में कृषि विस्तार अधिकारियों, किसान संघ के अध्यक्ष एवं सदस्यों, मंडल अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि सहित आस-पास के गांवों के किसानों की उपस्थित में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के किसानों को नरवाई प्रबंधन हेतु जागरूक करने एवं इस हेतु आवश्यक उपकरण हैप्पी सीडर, सुपर सीडर का प्रदर्शन एवं योजनांतर्गत क्रय करने हेतु किसानों को जानकारी दी गई।

इस दौरान उप संचालक कृषि कटनी डॉ रामनाथ पटेल द्वारा किसानों को नरवाई प्रबंधन के अतिरिक्त संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य, स्प्रिंकलर का उपयोग, फसल बीमा, उर्वरकों का अग्रिम भंडारण आदि विषयों की जानकारी दी गई। वहीं उद्यानिकी विभाग एवं पशुपालन विभाग द्वारा भी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। ढीमरखेड़ा एसडीएम निधि सिंह ने कृषि उपकरणों के महत्व के विषय पर अपने विचार रखे एवं सहायक कृषि अभियांत्रिकी कृति पांडे ने उक्त उपकरणों हेतु आवेदन प्रक्रिया एवं अनुदान के बारे में जानकारी दी।

---

### विकासखंड स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित




राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत विकासखंड स्तरीय निगरानी समिति की बैठक जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्राकृतिक खेती के अंतर्गत चयनित क्लस्टर ग्रामों की जानकारी दी गई बैठक में बताया गया कि ग्राम पंचायत झिरिया नन्हवाराकला जमुआनी कला एवं सलैया कोहरी में प्राकृतिक खेती के क्लस्टर को चयनित किया गया है वहीं के कृषकों का पंजीयन कराया जा रहा है । एवं कृषको को प्राकृतिक खेती हेतु जागरूक किया जा रहा है जिसमें कृषि सखी की भूमिका महत्वपूर्ण है श्री मोदी कृषि सखी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनको क्लस्टर क्षेत्र के कृषकों को जागरूक करने का कार्य किया जाना चाहिए की निर्देश दिए गए। बैठक में बायो रिसोर्स सेंटर स्थापित किए जाने जानकारी दी गई । निगरानी समिति बैठक में मनीष मिश्रा सहायक संचालक कृषि कटनी, वैज्ञानिक डॉ संदीप चंद्रवंशी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बीएस वाल्मीकि, BTM आत्मा अतुल सिंह, एफपीओ सदस्य चंद्र पटेल चंदा त्रिपाठी, अमित सोनी पंकज द्विवेदी आजीविका मिशन के करुणेन्द्र गुप्ता एवं क्लस्टर की कृषि सखी उपस्थिति रही।

---

### बस यात्रा के दौरान हुई पीड़ा, कन्हवारा अस्पताल में हुआ सुरक्षित प्रसव

# आशा कार्यकर्ता की सूझ-बूझ से हुआ सुरक्षित प्रसव, जच्चा और बच्चा स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

बस में यात्रा कर रहीं बमोरी बड़वारा निवासी गर्भवती महिला के लिए, उसी बस में यात्रा कर रहीं आशा सुपरवाइजर प्रभा तिवारी ने किसी देवदूत की तरह, अपनी सूझ-बूझ से गर्भवती का पीएचसी कन्हवारा अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराने में मदद कर कर्त्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की है। जहां अब माता और नवजात शिशु दोनों ही स्वस्थ हैं। दरअसल बीते बुधवार को ग्राम बमोरी बड़वारा की गर्भवती प्रिया कोल पति अमित कोल 27 वर्ष बस से कैमोर जा रही थी, उसी बस से प्रभा तिवारी आशा सुपरवाईजर कन्हवारा अस्पताल में आयोजित बैठक में शामिल होने के लिए जा रही थी। महिला को बस में ही तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई।

गर्भवती अत्यधिक पीड़ित अवस्था में थीं ,महिला का दर्द असहनीय था, परंतु उसके पति अमित ने अस्पताल में भर्ती कराने से इंकार कर दिया और कहा कि वह उसे विजयराघवगढ़ अस्पताल में ही भर्ती कराएगा।बस में सवार लोगों ने भी समझाया, लेकिन पति अमित तैयार नहीं हो रहा था, लेकिन आशा कार्यकर्ता ने स्थिति की नजाकत को भांप लिया कि विजयराघवगढ़ तक जाने के बस के सफर में गर्भवती व गर्भस्थ शिशु के साथ कुछ भी अनहोनी हो सकती है। ऐसे में आशा कार्यकर्ता की सूझ-बूझ और निरंतर समझाइश की कोशिशें कामयाब हुई और गर्भवती को कन्हवारा अस्पताल में भर्ती करवाने परिजन अंततः सहमत हो गए। कन्हवारा अस्पताल में पहुंचने के मात्र 10 मिनिट के भीतर ही महिला का सुरक्षित संस्थागत प्रसव हुआ। शिशु का जन्म वजन 2.700 किलोग्राम है तथा माँ एवं शिशु दोनों ही पूर्ण स्वस्थ हैं।

यदि प्रसव बस या रास्ते में होता तो माँ एवं शिशु दोनों के जीवन को गंभीर खतरा हो सकता था। लेकिन आशा सहयोगी प्रभा तिवारी ने समय पर उचित निर्णय लेते हुए अपने अनुभव व ज्ञान का सही उपयोग किया, जिससे एक माँ एवं नवजात शिशु का जीवन सुरक्षित हो पाया।

---

*आधुनिक तकनीक से केवल बछिया या पड़िया ही पैदा होंगी*

# 'सेक्स सॉर्टेड सीमेन' तकनीक के द्वारा कृत्रिम गर्भाधान से होगा पशु नस्ल सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा आधुनिक एवं नवीन तकनीक ₹सेक्स सॉर्टेड सीमेन₹ से कृत्रिम गर्भाधान किया जा रहा है। इस तकनीक से गाय या भैंस से लगभग 90 प्रतिशत केवल बछिया या मादा पड़िया ही पैदा होते हैं। ये मादा बच्चे बड़े होकर उन्नत नस्ल के एवं 10-15 लीटर प्रतिदिन दूध देने वाले दुधारू गाय या भैंस बनते हैं। जिससे किसानों की आय में लगभग तीन बर्ष बाद आमदनी में 4-5 गुना तक वृद्धि होती है। आय में वृद्धि से किसानों के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर अभूतपूर्व सुधार आयेगा।

जिले में पशुपालकों का रुझान एवं रुचि इस योजना के प्रति कमजोर है। जबकि पशुओं में नस्ल सुधार, ब्रीड डेवलपमेंट एवं तात्कालिक दूध उत्पादन में वृद्धि हेतु सेक्स सॉर्टेड सीमेन द्वारा कृत्रिम गर्भाधान सबसे आधुनिक और बेहतर तकनीक साबित हो रही है।

शासन द्वारा इस तकनीक से कृत्रिम गर्भाधान करने हेतु सीमेन डोज का शुल्क प्रति डोज मात्र 100 रूपये रखा गया है। स्वयंसेवी गौ-सेवक एवं मैत्री कार्यकर्ता आदि 100 रूपये के साथ अपना समुचित पारिश्रमिक भी पशुपालक से ले सकते हैं।

इस योजना के लाभ के लिए पशुपालक को अपनी गाय या भैंस के गर्मी में आने की स्थिति में, अपने निवास स्थान के निकटतम पशु चिकित्सालय, पशु औषधालय, पशु उपकेंद्र, पशु चिकित्सक, क्षेत्राधिकारी या संस्था प्रभारी से संपर्क करना होगा। यह सुविधा मोबाइल वेटरनरी यूनिट पशुधन संजीवनी 1962 कॉल सेंटर में कॉल लगाने पर एवं ग्राम पंचायत के प्रशिक्षित गौ सेवक, मैत्री कार्यकर्ता एवं कृत्रिम गर्भाधान प्राइवेट प्रैक्टिशनर द्वारा भी घर पहुंच उपलब्ध कराई जा रही है। पशुओं के गर्मी में आने की स्थिति में पशुपालक सूचना देने के पूर्व से ही पशु को अपने घर पर बांधकर रखें। साथ ही यदि पशु गर्मी में सुबह आता है तो उसे शाम को कृत्रिम गर्भाधान होगा। जबकि यदि रात्रि में आता है तो आगामी दिवस सुबह से लेकर दोपहर के बीच में कृत्रिम गर्भाधान होना चाहिए।

यह सुविधा जिन ग्रामों में पशु चिकित्सालय एवं औषधालय है वहां पर चिकित्सालय पर एवं जहां पर संस्थाएं नहीं है वहां पर विभागीय स्टाफ घर पहुंच सेवाएं भी प्रदान कर रहे हैं।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशु नस्ल सुधार एवं पशु संवर्धन हेतु सामान्य सीमेन द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की योजना विगत कई वर्षो से संचालित है, किन्तु इस प्रकार के कृत्रिम गर्भाधान से गाय एवं भैंस में नस्ल सुधार कार्यक्रम में नर एवं मादा बच्चे पैदा होने की संभावना 50-50 प्रतिशत रहती है। कृषि में मशीनीकरण के कारण बैलों एवं पाड़ो का उपयोग बहुत कम हो गया है। जिसके कारण वह पशुपालकों के लिए अनुपयोगी होकर आवारा घूम रहे हैं। अतः यह तकनीक पशुपालकों के लिए आर्थिक बोझ बढ़ाने वाली एवं समय जाया करने वाली है।

---

### आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

# जनजातीय वर्ग के उत्थान हेतु जागरूक लोगों का किया जाएगा चयन

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार कलेक्टर दिलीप कुमार यादव एवं जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत के कुशल मार्गदर्शन में आदि कर्मयोगी अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय 3 दिवसीय कार्यशाला डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लेब का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को अभियान के उद्देश्य, सेवा, समर्पण और संकल्प के माध्यम से अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कार्यशाला के दौरान संबंधित विभागों के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने विकासखंड व ग्राम स्तर तक अभियान के संचालन और निर्धारित कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया।

जिला स्तरीय कार्यशाला डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लेब में बताया गया कि अब विभाग के विकासखंड स्तरीय आदि कर्मयोगी अधिकारियों के दल को प्रशिक्षण देकर सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने तथा वास्तविक जरूरतमंद हितग्राही की पहचान सहित उत्तरदायी, पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत कराया जायेगा। आदि कर्मयोगी अभियान अन्तर्गत विकासखण्ड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं तथा पंचायत स्तर पर शासन की मंशानुसार जनजातीय वर्ग के व्यक्तियों के उत्थान के लिए समाज के जागरूक लोगों का चयन किया जाएगा। इसके माध्यम से आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने के साथ ही मुख्य धारा में शामिल करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के चयनित 199 ग्रामों में आदि साथी एवं आदि सहयोगियों का समर्पित वर्ग भी तैयार कर इन ग्रामों में विभिन्न योजनाओं के सेचुरेशन से वंचित शेष लोगों तक आसानी से योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

कार्यशाला के दौरान बताया गया कि आदि कर्मयोगी अभियान में शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा आदि सहयोगियों एवं अन्य समर्पित वर्ग के सदस्यों द्वारा भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की कार्यशाला के उपरांत ग्राम पंचायत स्तर की कार्यशाला के बेहतर प्रशिक्षण तथा अन्य गतिविधियों का आयोजन का आयोजन किया जाएगा तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत चयनित 199 ग्रामों में आदि सेवा केन्द्रों का संचालन भी होगा।

अभियान के तहत सभी जनजातीय गांवों में आदि सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। अधिकारी और समुदाय के सदस्य आदि सेवा मे समय देंगे। इस दौरान स्थानीय समस्याओं का समाधान और युवाओं का मार्गदर्शन किया जाएगा तथा वे शासन में सहयोग भी करेंगे। शिक्षक, डॉक्टर और अन्य पेशेवर लोग स्थानीय समुदाय का मार्गदर्शन आदि सहयोगी के रूप में करेंगे तथा विकास कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

वही स्वयं सहायता समूह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सदस्य आदि साथी के रूप में जनजातीय बुजुर्ग लोग, युवा और स्थानीय नेता जागरूकता का प्रसार करेंगे। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे। जनजातीय युवाओं, महिलाओं और नेताओं के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि वे शासन, समस्या, समाधान और सामाजिक लामबंदी में अच्छी तरह से भागीदारी कर सकें। यह अभियान ''जनजातीय गौरव वर्ष'' का हिस्सा है। इस रूप में यह अभियान विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होगा, जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाएगा, उत्तरदायी शासन सुनिश्चित करेगा और स्थानीय नेतृत्व को बढ़ावा देगा।

---

# मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने नरवाई में आग नहीं लगाएं

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

किसानों द्वारा खेतों में फसल कटाई के बाद बची हुई नरवाई (फसल के अवशेष) को जलाये जाने से रोकने हेतु राज्य शासन द्वारा हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे कृषि यंत्रों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन यंत्रों को अनुदान पर किसानों को उपलब्ध कराने के लिए कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गये हैं।

नरवाई जलाने से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है, लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं और मिट्टी की जल धारण क्षमता भी घट जाती है। इसके अलावा, आग से आसपास की फसलें, पशु-पक्षी और जन-धन की हानि का खतरा भी बढ़ जाता है।

हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर जैसे यंत्रों की मदद से खेत में सीधे बुवाई की जा सकती है। साथ ही नरवाई का इस्तेमाल पशुओं के चारा, जैविक खाद, ईंधन आदि के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। हैप्पी सीडर यंत्र की कीमत लगभग 1 लाख 80 हजार रूपये से लेकर 2 लाख रुपये तक होती है। इस पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 86 हजार रुपये तक का अनुदान मिलेगा। वहीं सुपर सीडर यंत्र की कीमत लगभग 2 लाख 80 हजार रूपये से लेकर से लेकर 3 लाख रुपये तक होती है। इस पर भी 50 प्रतिशत या अधिकतम 1 लाख 20 हजार रुपये तक का अनुदान मिलेगा। छुक किसान आधार कार्ड, भूमि की खतौनी (बी-1), ट्रैक्टर की आर.सी., पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर, जाति प्रमाण पत्र (एससी/एसटी वर्ग के लिए) एवं बैंक पासबुक ले जाकर www.mpdage.org पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

# गणेशोत्सव की धूमः जिले में जगह-जगह सजी विघ्नहर्ता मंगलमूर्ति की आकर्षक झांकियां, दर्शनों को उमड़ रही भीड़


झलौन। डॉ दीपंकर दत्ता के यहां विराजे गणपति


झलौन। डॉ निहार रंजन विश्वास के यहां बिराजे गणेश जी


तेंदूखेड़ा। वार्ड क्रमांक 2 में भागीरथ रजक के निवास


तेंदूखेड़ा। वार्ड क्रमांक 9 में नीलेश साहू के निवास पर विरोज गणेशजी


तेंदूखेड़ा। बजरंग बली चौराहा के पास विराजमान प्रतिमा


दमोह। मधुबन कालोनी में विराजमान श्री गणेश प्रतिमा

### चंद्रपुरा में युवाओं का बिगुल, नशे के खिलाफ छेड़ा जन आंदोलन

## बैठक में लिया ऐतिहासिक संकल्प, शराब बेचने-पीने पर लगेगा जुर्माना

**बनवार।** ग्राम पंचायत घटेरा के अंतर्गत आने वाले चंद्रपुरा गांव में युवाओं ने नशे के खिलाफ बिगुल फूंकते हुए सामूहिक आंदोलन की शुरुआत की है। गांव के करीब 30 युवाओं ने एकजुट होकर नशा छोड़ने का संकल्प लिया और शराब के कारोबार पर रोक लगाने का निर्णय लिया। गांव में आयोजित बैठक में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता, सरपंच राघवेंद्र सिंह बनवार, पुलिस चौकी से प्रधान आरक्षक मुकेश कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे। बैठक में तय किया गया कि अब गांव में न तो कोई शराब बेचेगा और न ही कोई शराब पीकर गाली-गलौज करेगा। नियम तोड़ने वालों के लिए सख्त जुर्माना भी घोषित किया गया – शराब बेचने पर 10 हजार रू, शराब पीकर उत्पात मचाने पर 5 हजार रू और सहयोग करने वालों पर 2500 रू का दंड लगेगा। विशेष बात यह रही कि गांव में जो लोग पहले कच्ची शराब बनाते-बेचते थे, उन्होंने भी सार्वजनिक रूप से कारोबार बंद करने की घोषणा की। बैठक में भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह, प्रदेश सचिव विनोद सिंह, महिला मोर्चा से मालती ठाकुर, ग्राम घटेरा से जयकुमार जैन, नत्थू सिंह, पत्रकार रानू खान, गोविंद सिंह लंबरदार, राजेंद्र सिंह, रमेश विश्वकर्मा, घनश्याम विश्वकर्मा, नरेंद्र सिंह और राजेश सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल को नशा मुक्ति आंदोलन की नई शुरुआत बताते हुए कहा कि पूज्य गुरुदेव शक्तिपुत्र महाराज के आशीर्वाद से चंद्रपुरा गांव अब नशा मुक्त समाज की मिसाल बनेगा।

## अमर सींग बने जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष

**दमोह।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की मंशानुसार प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने दमोह विधानसभा की राजा पटना ग्राम पंचायत के किसान अमर सींग लोधी को जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचद जैन, मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, प्रदीप पटेल, परम यादव, लक्ष्मण सींग, रजनी ठाकुर, शत्रुघन सिंह, सुनील सिंह, कमल आदिवासी, बलिराम आदिवासी, उमा यादव सहित जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षों मोर्चा संगठनो विभागो, प्रकोष्ठो कांग्रेस पदिधकारियों कार्यकर्ताओ ने बधाई दी है।

### बटियागढ़ में त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

## श्री गणेश उत्सव, ईद मिलादुन्नबी और पर्यूषण पर्व को लेकर किया निर्देशित



**बटियागढ़ ।** आगामी त्योहारों की तैयारियों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में श्री गणेश उत्सव, ईद मिलादुन्नबी और पर्यूषण पर्व की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने समिति के सदस्यों के साथ तीनों पर्वो को शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने पर चर्चा की। श्री गणेशोत्सव की तीनों पूजा समितियों के सदस्यों से शोभायात्रा के रूट को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार, शोभायात्रा शांति पूर्ण तरीके से निकाली जायेगी, बैठक में शामिल लोगों ने प्रशासन का पूरी तरह से सहयोग करने की बात कही।। झांकी समितियों को नियमानुसार तैयारी करने के लिए कहा। डीजे को लेकर भी निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र व्यास, मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल, थाना उपनिरीक्षक शेष कुमार दुबे, कनिष्ठ अभियंता संदीप पटेल, भगत पटेल, रामरानी शुक्ला भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता, मुद्दीन खान, जनपद सदस्य कमल मिश्रा, डॉ , चरन सिंह, बाबूलाल जैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित राजपूत, बटियागढ़ सरपंच प्रतिनिधि श्रीकांत पटेल, राजेश चौरसिया, प्रशांत जैन, रामवतार कुड़ेरिया सहित सभी धर्मों लोग शामिल रहे। गणेशजी विसर्जन स्थानों पर विशेष सुरक्षा की बात कही, और घाटो पर बिजली व्यवस्था की बात ग्रामीणों के द्वारा कही गई।

## जश्न ईद मिलादुन्नवी पर्व की जोर-शोर से चल रहीं तैयारियां



**हिण्डोरिया।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी इस्लाम धर्म के प्रवर्तक, अमन शांति के मसीहा हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैय वसल्लम के जन्म दिवस की याद में पूरे विश्व मे मनाया जाने वाला जश्न ईद मिलादुन्नबी पर्व नगर में अपने परंपरागत ढंग से अजीम- ओ- शान- ओ- शौकत के साथ मनाया जा रहा है। इस मुबारक मौके पर नगर की जामा मस्जिद, नूरी फरीदी मस्जिद, घरों, मकानों, दुकानों के अलावा सभी मुस्लिम वार्डों मे शानदार बिजली झालरों, ट्रेस, बैनरों, इस्लामिक झण्डों इत्यादि की यादगार सजावट की गई है। साथ ही जगह जगह मजहबी सीनरियां एवं झाकियां बनाई गई है। जो बडे.आकर्षण का केन्द्र बनी हुईं है। उन्हें देखने बडी.संख्या में जायरीन- हजरात उमड़ रहे हैं। 04 सितम्बर 2025 दिन बृहस्पतिवार की शाम को एक विशाल वाईक रैली का आयोजन नगर मे किया गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के इंतजामियां कमेटी के सदर मुहम्मद शामी उर्फ समीम खान एवं कमेटी के नसीम पठान, शाकिर खान, मुकीम खान ने बताया कि आज 05 सितम्बर 2025 दिन शुक्रवार की सुबह 08 बजे जामा मस्जिद में परचम कुशाई की विशेष रस्म अदायगी के बाद पीर-ओ-मुर्शिद हाजी कमालुददीन खान साहब सल्लामहु ताआला(कमाल मियां) की जेरे सरपरस्ती में नगर के प्रमुख मार्गों पर एक शानदार विशाल जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला जायेगा। जुलूस समापन पर स्थानीय पठानी मुहल्ला वार्ड 08 मे दीनी जलसा आयोजित होगा। कमेटी सदर मुहम्मद शामी ने सभी वर्ग समुदाय के लोगों से कार्यक्रम में बडी. संख्या में शिरकत की गुजारिश की है।

**आज शुक्रवार की सुबह 08 बजे से जुलूस- ए- मुहम्मदी नगर गशत करेगा**

## आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस कोर्स का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



वर्तमान भाग दौड़ भरी जीवन शैली में स्वास्थ्य, सक्रियता और खुशहाली भरे जीवन में योग और अध्यात्म बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभाते हैं। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग पूरे विश्व में योग और अध्यात्म के माध्यम से अलख जगा रही है। संस्था की हटा इकाई के शिक्षक आशुतोष सुहाने ने माँ जानकी शॉपिंग काम्प्लेक्स पटेरा रोड हटा में आयोजित 6 दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि इस आपाधापी से भरे जीवन को सकारात्मक व तनाव मुक्त रखने के लिए हमारे अस्तित्व के सभी स्तरों को जैसे शरीर, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार, श्वास और आत्म बोध पर साधना, सेवा, सत्संग, प्राणायाम, योग, ध्यान और ज्ञान की कुंजियों के माध्यम से जीवन जीने की कला को सिखाया गया। योग और अध्यात्म का सामंजस्य हमारे जीवन में उतना ही आवश्यक है जितना हमारे अस्तिव को भोजन। योग हमको स्वस्थ बने रहने में मदद करता है, तो अध्यात्म जीवन में सृजनात्मकता के साथ साथ सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा करता है। इस शिविर के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने अंतिम दिन कोर्स से प्राप्त अपने अपने अनुभव साझा किए, जिसमे सभी प्रतिभागियों का अनुभव उनके प्रसन्न चित्त चेहरों से स्वतः ही प्रदर्शित हो रहा था। लोगों ने बताया कि यह कोर्स हमारे जीवन को सहजता और प्रसन्नता से जीने की कला सिखाता है। हम सबको योग और अध्यात्म की दिशा में आगे आना चाहिए, ताकि एक स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर को बनाए रख सकें। सभी प्रतिभागी योग, ज्ञान, ध्यान, साधना और अध्यात्म को गहराई से जान पाए और इस कार्यशाला के माध्यम से सेवा के महत्व को भी समझ पाए। कार्यक्रम के अंतिम दिन दमोह से आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के शिक्षक अतुल चौबे एवं हटा आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयं सेवक राजबहादुर पटेल, उदयभान पटेल, गौरव सिंघई, अभिषेक सुहाने अनिल पटेल ,अंशिका सुहाने और शाश्वत सुहाने, आदि की सराहनीय सेवा सहभागिता रही।

## त्याग ही है शांति एवं कल्याण का मार्गः मुनि प्रयोग सागरजी



**तेंदूखेड़ा।** नगर में पर्यूषण पर्व के अवसर पर भगवान पाशर्वनाथ जिनालय, श-तिनाथ जिनालय में भक्ति एवं तनमयता से श्रावक भगवान का पूजन अर्चन कर रहे है। पाशर्वनाथ जिनालय के समोशरण हाल में सुवह साढे 6 बजे से मुनिश्री प्रयोग सागर जी के सानिध्य में भगवान श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा पूजन हो रहा है। सुबह 8 बजे से नगर में विराजमान मुनिवर प्रयोगसागर जी से मंगल प्रवचन का लाभ ले रहे है। मुनिराज प्रयोग सागर जी ने उत्तम त्यागधर्म पर अपने प्रवचनो में कहां कि जीवन में संचय के मार्ग से त्याग की ओर जाना ही धर्म का सोपान है, ग्रहण किया है तो एक न एक दिन त्याग करना ही होगा, स्वयं करोगे तो शांति पाओगे वर्ना नियति तुमसे वह एक दिन त्याग करवा ही देगी. त्याग का अर्थ मन से राग को खत्म करना है, हम त्याग की ओर जब बढ़ सकते हैं जब हमारे मन से वस्तु, सबंध का मोह खत्म होता है और जिसने जितना त्याग किया है उन्होंने उतना पाया है, दुनिया में आज यश कीर्ति जोड़ने वालों की नहीं त्याग करने वालों की है, और जगत उनकी अनुमोदना करता है. और यह नियम है की संसार से जाने के पहले तुम्हें सब त्याग करके जाना ही है, लेकिन धर्म वह है की जब तुम जाने के पहले स्वयं अंतर्मन से त्याग करोगे। दोपहर में श्री भक्तामर पाठ का आयोजन भव्यता से हुआ जिसमें 48 परिवार के द्वारा विधान सम्पन्न कराया गया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भगवान की महाआरती हुई।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 101 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**पथरिया।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार विकासखण्ड पथरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगर व ग्रामवासियों द्वारा रक्तदान किया गया साथ ही विभाग प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी रक्तदान करते हुये शिविर को सफल बनाया। इस दौरान एसडीओपी प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी अमित मिश्रा, बीएमओं डॉ.जतिन दुबे, डॉ.अमित जैन द्वारा रक्त दान किया। रक्तदान शिविर में कुल 101 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया जिसमें 10 महिलाओं ने भी अपना रक्तदान किया। शिविर में डॉ० जतिन दुबे एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 7 मरीजो को चिन्हित किया गया जिन्हें रक्तदान शिविर में ही रक्त चढाया गया जिनमें 03 गर्भवती मातायें, 01 धात्री माता, एवं 03 अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ति मरीज थे साथ ही शिविर में 75 वर्षीय भरत पटैल द्वारा भी रक्त दान किया गया। शिविर को सफल बनाने में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की सराहनीय उपस्थिती रही। बीएमओं द्वारा समस्त रक्तवीरो का समस्त स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों का रक्तदान के लिये आभार व्यक्त किया एवं समस्त पत्रकार बंधुओं का भी आभार व्यक्त किया है जिनके विशेष सहयोग से बहुत अल्प समय में रक्तदान की सूचना का प्रचार-प्रसार कर कैंप को सफल बनाया गया। शिविर में नगर परिषद अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा, लोकेन्द्र पटैल, खरगराम पटैल, जमना जैन, कुलदीप पटैल, हरीश पटैल, शुभम पटैल, प्रीतम पटैल, अंकित पटैल, आशीष तिवारी, सरमन पटैल सहित अन्य युवा, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## मानव जीवन विकास समिति ने किसानों को दिया प्रशिक्षण



**झलौन।** मानव जीवन विकास समिति द्वारा ग्राम अंचलपुरा ग्राम पंचायत मगढ़ुपुरा जनपद पंचायत तेदूखेडा जिला दमोह मध्य प्रदेश। कोदो की खेती के लिए उचित समय पर खेत की तैयारी बीज का चुनाव वुवाई का तरीका ओर खरपतवार नियंत्रण पर ध्यान देना अवश्यक है कोदो एक सूखा प्रतिरोधी फसल है जो कम उपजाऊ भूमि में भी उगाई जा सकती है। मान सून के आने से पहले खेत की जुताई करें ताकि नमी बनी रहे । मानसून शुरू होने पर मिट्टी पलटने वाले हल से पहली जुताई करें फिर दो तीन जुताईयां हल से करके खेत को भलीभाँति तैयार करें हल्की भूमि ओर ओर अच्छी जल निकासी वाले स्थानों को कोदो के लिए उपयुक्त माना जाता है। कोदो की वुवाई 15 जून से 15 जुताई के बीच की जाती है। बीज के लिए 3 से 4 सेंटीमीटर गहरा बोये ओर पौधे से पौधे की दूरी 9 से 10 सेंटीमीटर रखे। छिडकाव विधि के लिए 10 से 15 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर बीज पर्याप्त है। उन्नत किस्मों में जवाहर कोदो 13 जवाहर कोदो 137 जवाहर कोदो 155 ओर आर, के, 390-25 शामिल हैं। जैविक खाद का उपयोग हमेशा लाभकारी होता है जो मिट्टी में पोषक तत्वों को बढाता है ओर पानी को बढाता है ओर पानी को संरक्षित करता है। 5 से 10 टन प्रति हेक्टेयर की दर से कम्पोस्ट खाद मानसून के बाद पहली जुताई के समय। पानी का प्रबंधन, कोदो की खेती खरीफ में की जाती है जहाँ पानी की अति अवश्यकता नहीं होती है। यदि सिचाई की सुबिधा उपलब्ध है तो एक या दो सिचाई उस समय दी जा सकती है जब वर्षा लंबे समय तक रूक गई हो। खरपतवार नियंत्रण। शुरू आती अवस्था में खासकर जुलाई के 30 से 35 दिनों तक खेत को खरपतवारों से मुक्त रखना चाहिए। कटाई पकने पर कोदो को काट कर खलिहान में डालना चाहिए। कोदो की फसल में बीमारी लग सकती है जिससे बचाव के लिए प्रमाणित बीजो का उपयोग करना चाहिए। रोग प्रतिरोधी किसमो का उपयोग करना ओर फसल चक्र का पालन करना भी महत्वपूर्ण है उक्त प्रशिक्षण में 21 पुरूष 8 महिलाओं ने भाग लिया।

## नम आंखों से दी गई शिक्षक को विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

शासकीय प्राथमिक विद्यालय ररियों, समदई में शिक्षक नारायण सिंह लोधी का विदाई समारोह बड़े ही गरिमामय और भावुक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन अर्चन के बाद हुई हुआ सर्वप्रथम सरस्वती वंदना और स्वागत गीत भागवती, सोमवती , पार्वती, काजल, लोंगा, रक्षा, रीता आदि छात्राओं द्वारा गाया गया। शिक्षा के क्षेत्र में 28 वर्षों तक निष्ठापूर्वक सेवा देने वाले नारायण सिंह लोधी ने अपने समर्पण, अनुशासन और सरल स्वभाव से न केवल विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया बल्कि पूरे समाज के बीच एक आदर्श स्थापित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाव सिंह लोधी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता उमराव सिंह मासाब ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपचंद सिंघई, अनरत सिंह ठाकुर प्राचार्य, लक्ष्मी प्रसाद सोनी रहे। विशेष अतिथि मैं इंदर सिंह , वीरेंद्र सोनी रहे। कार्यक्रम में उमराव सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि “नारायण सिंह लोधी जैसे शिक्षक विरले ही मिलते हैं। उनकी कमी को पूरा करना मुश्किल होगा।” , दीपचंद सिंघई ने कहा कि “उनका योगदान सिर्फ विद्यार्थियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे समाज को उन्होंने शिक्षा और संस्कार की राह दिखाई।” अनरत सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि “28 वर्षों का यह सेवाकाल हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।” लक्ष्मी सोनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि “लोधी जी की सरलता और ईमानदारी ने उन्हें सभी के बीच आदरणीय बनाया।

वहीं मनोहर ठाकुर ने कहा कि “उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा का दीपक है, जो सदैव प्रकाश देता रहेगा।” इसी बीच शोएब पठान ने ‘यह बिछड़न की पीर’ कविता का मार्मिक गायन कर पूरे माहौल को भावविभोर कर दिया। उनकी काव्य-प्रस्तुति सुनकर उपस्थित जनसमूह की आँखें नम हो गईं और वातावरण गमगीन हो उठा। हर किसी के चेहरे पर विदाई की पीड़ा साफ झलक रही थी। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा नारायण सिंह लोधी को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया । यह दिन विद्यालय और ग्राम समुदाय के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया, जब शिक्षा का दीप जलाने वाले शिक्षक नारायण सिंह लोधी सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त होकर अमिट छाप छोड़ गए।

इस कार्यक्रम मैं भारत सिंह लोधी , धरमचंद जैन, महेंद्र दुबे, भोजराज सिंह, शिवबती ठाकुर, अनीता नामदेव, बारी बाई, बेनी सींग, संतोष सर, देशराज के अलावा समूचे क्षेत्र के शिक्षक साथी व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम का सफल संचालन महेंद्र दीक्षित ने किया और आभार प्रदर्शन संतोष पाठक ने किया। कार्यक्रम के समापन के बाद जिले तथा आसपास के क्षेत्रों से आए लोग बैंड-बाजे और पार्टी के साथ अध्यापक नारायण सिंह लोधी को उनके गृह ग्राम केवलारी तक छोड़ने गए। पूरा गाँव इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच भावनाओं से सराबोर यह जुलूस लंबे समय तक याद किया जाएगा। गांववासियों ने कहा कि “ऐसा सम्मानजनक और भावनाओं से भरा विदाई समारोह वर्षों तक याद रखा जाएगा।

## गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह।** भारत विकास परिषद शाखा दमोह द्वारा इनोवेटिव इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंप्यूटर एंड टेक्नोलॉजी में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया जिसमें परिषद के प्रांतीय सचिव राजीव बिलथरे उपाध्यक्ष आदित्य चौरसिया मुख्य अतिथि के रूप में तथा श्रीमती कल्पना ठाकुर श्रीमती अर्चना जैन राकेश चौरसिया, महेंद्र ताम्रकार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था के छात्रों द्वारा अपने गुरुजनों एवं महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की पूर्व प्राचार्य श्रीमती अर्चना जैन एवं श्रीमती कल्पना ठाकुर पूर्व शिक्षिका का सम्मान किया गया। तत्पश्चात शिक्षकों द्वारा प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया। गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के बारे में श्री आदित्य चौरसिया द्वारा जानकारी दी गई इस अवसर पर संस्था के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए। संस्था के निदेशक आनंद खरे द्वारा सबके प्रति आभार व्यक्त किया गया। संस्था के शिक्षक महेंद्र पटेल द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

## खबर संक्षेप

### अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादागुरू जी आज आयेंगे दमोह

**दमोह** । अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादागुरू जी 05 सितम्बर को दमोह आयेंगे। आप गुबरा प्रातः10:35 बजे आयेंगे। इसी प्रकार सिंग्रामपुर प्रातः 10:55 बजे, जबेरा प्रातः 11:10 बजे, नोहटा नोहलेश्वर मंदिर प्रातः 11:20 बजे, अभाना प्रातः 11:40 बजे और बांदकपुर मंदिर दर्शन पूजन दोपहर 12:05 बजे करेंगे। आप धूना जी मंदिर प्रागंण दोपहर 12:20 बजे, नित्यानंद जी महाराज की समाधि दोहपर 12:30 बजे और दादा ठनठनपाल जी महाराज धूना जी दोपहर 12:45 बजे दर्शन पूजन करेंगे। अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादागुरू जी गोर्वधन पर्वत वृक्षारोपण एवं गौर गणेश दर्शन दोपहर 12:55 बजे वृक्षारोपण एवं दर्शन, बेलाताल मंदिर दमोह दोपहर 02:40 बजे आशीष वचन, टाईम्स कॉलेज अपरान्ह 03 बजे शिक्षक दिवस कार्यक्रम वृक्षारोपण करेंगे। साथ ही आलोक गोस्वामी शिवनगर निवास अपरान्ह 03:40 बजे आर्शीवाद और मुलाकात तथा शाम 04:14 बजे जबलपुर प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी डॉं आलोक गोस्वामी ने दी।

### कुल 17 वनपाल वनरक्षक विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त

**दमोह**। पुलिस अधीक्षक दमोह के पत्र अनुसार 05 सितम्बर को ईद-मिलाद-उन-नबी एवं 06 सितम्बर 2025 को अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान तथा वर्तमान में जिले में हो रही बारिश से अलग-अलग क्षेत्रों में जलभराव को देखते हुए सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था हेतु कोटवारों को विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त करने हेतु प्रस्तावित किया गया है। इस सबंध में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने पुलिस अधिनियम एवं विनियम मध्यप्रदेश की धारा-17 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के कुल 17 वनपाल/वनरक्षक को 05 से 06 सितम्बर तक (कुल 02 दिवस) के लिए विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया हैं।

बदलाव : पुलिस, एम्बुलेंस और फायर ब्रिग्रेड की सुविधा एक ही नंबर पर

# अब 100 की जगह डायल करना होगा 112 तत्काल 'लोकेशन' पर पहुंचेगी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटर

लोगों को जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद उपलब्ध कराने के लिए जिले की सडकों पर अब डायल 100 की जगह पर डायल 112 की चमचमाती गाडियां दौड़ती नजर आएगी और पहले की तुलना में पुलिस की मदद अब और जल्द मिल सकेगी। क्योंकि 15 अगस्त को सीएम डॉ मोहन यादव ने इस नई सेवा का शुभारंभ करते हुए जिलेवार डायल 112 के तहत नई गाडियों को आवंटित कर दिया है। इसी क्रम में जिले में सभी पुलिस थाना को भी डायल 112 के तहत एक चमचमाती गाड़ी मिल गई है। जिले में पुलिस कंट्रोल रूम में सांसद राहुल सिंह एवं जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटैल के साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भदौरया ने शुभारंभ किया। अब डायल 100 की बजाय डायल 112 कीजिए 15 मिनट बाद लोकेशन पर पहुंचेगी पुलिस। जीपीएस सुविधा से लैस पुलिस वाहन रहेंगे मुस्तैद और शहर से लेकर कस्बों गांवों के इलाकों में इस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वाहन से अब आमजन को और तेज एवं प्रभावी सहायता मिल सकेगी।

### सभी आपात कालीन सेवाओं की उपलब्धता

हटा पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष द्वारा समस्त पुलिस स्टाफ की मौजूदगी में पूजन अर्चन कर किया गया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष ने बताया कि जब आप किसी इमरजेंसी हालात में होते हैं तो अपना फोन उठाते हैं और फिर पुलिस एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड को अलग-अलग नाम पर फोन लगाकर तत्काल सहायता मांगते हैं लेकिन अब आपको ऐसा नहीं करना होगा अब आपको एक ही नंबर डायल करने पर यह सारी सुविधा मिलेगी अगर आप हटा या ग्रामीण क्षेत्र में हैं तो किसी एमरजेंसी सिचुएशन के दौरान डायल करें 112 नंबर पर आपको तुरंत पुलिस एंबुलेंस फायर ब्रिगेड समय पर तमाम प्रकार की सहायता आपके पास पहुंच जाएंगी। यह इमरजेंसी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। आपातकालीन स्थिति में इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम से आप तुरंत जुड़ जाएंगे। 112 नंबर डायल करने के बाद आपके लोकेशन का तुरंत पता लग जाएगा और आपको तुरंत पुलिस की मदद मिलेगी। अपराध दुर्घटना या किसी भी आपदा की स्थिति में मदद के लिए अब डायल 112 डायल करना होगा।

## जंगली जानवरों को बचाने के चक्कर में पेड़ से टकराई तेज रफ्तार बोलेरो कार, 3 घायल



**तेंदूखेड़ा**। बुधवार की रात्रि करीब 9:30 बजे सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर हुआ जहां पर एक तेज रफ्तार बोलेरो कार जंगली जानवरों को बचाने के चक्कर में पेड़ से टकरा गई जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां से तीनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार बोलेरो कार क्रमांक एमपी 15 बीए 35 48 में सवार संदीप पिता संतोष सिंह लोधी उम्र 40 वर्ष वंदना पति संदीप सिंह लोधी उम्र 30 वर्ष अजीत पिता मूरत सिंह लोधी उम्र 42 वर्ष है। तीनों सागर जिले के मुहली थाना रहली के निवासी है जो कि जबलपुर पाटन के कटरा बेलखेड़ा में संदीप अपनी सुसराल पत्नी को लेने के लिए आया था। जहां से अपनी पत्नी को लेकर वापस अपने गांव मुहली जा रहा था। लेकिन तेंदूखेड़ा मुख्यालय से 8 किमी दूर नाग बाबा के समीप सागर रहली मार्ग पर अचानक से जंगल से जानवरों का झुंड सड़क पर आ गया। जिन्हें बचाने के चक्कर में कार सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गया। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बोलेरो कार में ही फंसे रहे। घटना की सूचना जैसे कि सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी व युवा नेता राजकुमार सिंह लोधी को लगी तो मदद के लिए वह अपनी कार से घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को कार से बाहर निकाला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। आपको बता दें कि घटना जंगली क्षेत्र में होने के चलते इस मार्ग से निकलने वाले राहगीरों द्वारा रुकना जरुरी नहीं समझा जाता है। क्योंकि 15 किमी क्षेत्र में घना जंगल व सुनसान होने के चलते इस मार्ग पर पूर्व में कई बार लूट-पाट मारपीट की घटनाएं आने के चलते राहगीर इस मार्ग पर रुकते नहीं है। लेकिन सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी व युवा नेता राजकुमार सिंह लोधी द्वारा बिना सोचे-समझे मदद के लिए घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों की मदद की और इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## लव जिहाद के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**दमोह**। पटेरा थाना पुलिस ने लह जिहाद के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पटेरा में दिनाँक 01/09/2025 को प्रार्थिया द्वारा आरोपी रशीद खान पिता काले खान उम्र 25 साल निवासी ग्राम मुडा के द्वारा प्रार्थिया के साथ जबरजस्ती गलत काम करना अश्लील फोटो निकालने एवं शादी कर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाने अश्लील फोटो वायरल करने की जान से मारने की धमकी देने पर लिखित शिकायत करने पर प्रार्थिया की रिपोर्ट पर तत्काल अप.क्र.-244/2025 धारा 450,376,506 ता. हि. 67( a ) it act एवं 3/5 म.प्र. धार्मिक स्वतन्त्रता अधि. 2021 के आरोपी के विरूध्द कायम किया गया। मामला महिला संबंधी एवं गंभीर व धर्म विरोधी होने से मामले की तत्परता को देखते हुये थाना प्रभारी पटेरा निरीक्षक सरोज ठाकुर के नेतृत्व में विवेचना की जाकर विवेचना के दौरान आरोपी को 24 घण्टे अन्दर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्यवाही करने वालों में निरीक्षक सरोज ठाकुर, स.उ.नि. दिलीप सिह , प्र.आर. प्रमोद चौबे, आर. राघवेन्द्र आर. सुरेश,आर.गब्बर, आर. बृजेश, आर. नीतेश, म. आर. रानी ठाकुर एवं साइबर सेल दमोह का विशेष योगदान रहा।

## बच्चों ने किया धर्म के महात्म्य पर सुंदर नाटिका का मंचन



**दमोह**। शहर के वसुंधरा नगर में श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व के अवसर परसुबह से पूजन अभिषेक शांतिधारा तो वहीं शाम को प्रवचन के साथ ही विविध सांस्कृतिकआयोजन किये जा रहे है। इसी क्रम में रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेला मेंपाठशाला के बच्चों द्वारा जैन धर्म का महात्मय के ऊपर एक सुंदर नाटिका 'गाथ बंधुश्री की' का मंचन किया गया। सभी बच्चोंद्वारा दी गई प्रस्तुतियों से नाटिका जीवंत रूप में प्रस्तुत हुआ। नाटिका को देखकरउपस्थित समस्त लोगो ने सराहना की। इस नाटिका का निर्देशन श्रीमति नेहा बजाज,श्रीमति सुषमा जैन ने किया। नाटक में प्रमुख किरदार निभाने वाले बच्चों में मौली, पवित्र,युग, अंशल, तरू, हनू, अर्हम, प्रभात, रिया, इस्तुति, नव्या, प्रतिमा, पीहू,प्रिंसी, गोलू, अंशी, अर्चित, आराध्य, देवांश, ऋषि, सहित सभी बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। सभी बच्चों को पुरूस्कृत किया गया।

## जीतू पटवारी के आगमन को लेकर हुई जिला कांग्रेस की बैठक

**दमोह**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आगमन को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय मे आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसके समस्त ब्लॉक अध्यक्षो से आये कांग्रेस पदाधिकारियों कांग्रेसजनों की बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि 7 सिंतबर को हमारे प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी का दमोह आगमन हो रहा है वह सागर नाका स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्र्यापण पश्चात आयोजित रैली एवं स्थानीय आशीर्वाद गार्डन में जिला स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपना संबोधन देगें। पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि समस्त कांग्रेसजन अपने वाहन साधन से जिला स्तरीय कांग्रेस सम्मेलन में शामिल हो। बैठक में संजय चौरसिया, तिलक सींग, परम यादव, प्रताप सींग, लक्ष्मण सींग, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, राजा राय, राजेश तिवारी, रजनी ठाकुर सहित समस्त ब्लॉक अध्यक्षो मोर्चा संगठनो विभागो प्रकोष्ठो कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

## दमोह जिले को आशा कार्यक्रम में प्रदेश में मिला पॉचवा स्थान

**दमोह**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि दमोह जिले ने आशा कार्यक्रम अंतर्गत मोबाईल अकादमी पाठ्यक्रम में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर पूरे प्रदेश में पॉचवा स्थान हासिल किया है। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. शासन श्री राजेन्द्र शुक्ल के द्वारा डीसीएम ऋषि कुमार एवं विकासखंड तेन्दूखेड़ा की आशा कार्यकर्ता सविता पाल को प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने कहा कि जिले को प्राप्त यह उपलब्धि गर्व की बात है। उन्होंने डीसीएम ऋषि कुमार एवं आशा कार्यकर्ता सविता पाल को हार्दिक बधाई प्रेषित की है। उन्होने कहा कि जिले के सभी आशाओं को मोबाईल अकादमी पाठयक्रम पूर्ण कराने में डीसीएम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आशा करते है कि आप इसी प्रकार जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए आगामी कार्यों में भी सफलता प्राप्त करेंगे।

## कार्यशाला का आयोजन

**दमोह**। 10 दिवसीय कार्यशाला मे सीखने, सृजन और संस्कृति के उत्सव के बाद, 10 विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से आए 65 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया एवं सभी नें प्रोजेक्ट कार्य भी प्रस्तुत किए - पाठ योजनाएँ, तथा वर्कशीट्स से पूरे देश की कला संस्कृति पर प्रकाश डाला। शिक्षकों नें बताया की इस कार्यशाला के माध्यम से हम अपने स्कूलो मे अपने बच्चो के साथ कैसे इसको सार्थक एवं प्रभावी बनाएंगें इस कार्यशाला मे सीखा साथ ही इन 10 दिवस मे एक शैक्षणिक विजिट भी खजुराहो ले जाया गया जो अकल्पनीय एवं अद्भुत रहा है। क्षेत्राधिकारी दमोह द्वारा स्वागत भाषण एवं सीसीआरटी द्वारा संचालित गतिविधियों पर प्रकाश डाला, उन्होने कहाँ सीसीआरटी शिक्षा से संस्कृति को जोड़ने का काम कर रहीं है, जिसमे देश भर के शिक्षक प्रशिक्षण लेने दमोह आते है।

## मुक्तिधाम में किया पौधारोपण




पटेरा। नगर परिषद पटेरा द्वारा बुधवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आगे बढ़ाते हुए वार्ड क्रमांक 03 मुक्तिधाम में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें नगर परिषद पटेरा के सीएमओ प्रेम सिंह चौहान एवं जनप्रतिनिधि नगर परिषद पटेरा अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवाल, उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, पार्षद पुष्पेंद्र सोनी, हरप्रसाद चौरसिया, पार्षद अमर सिंह लोधी के साथ समस्त कर्मचारीयो ने नगर वासियों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

## पटेरा में कांग्रेस की बैठक संपन्न



**पटेरा**। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के आगमन एवं नवागत जिला अध्यक्ष मानक पटेल के जिला अध्यक्ष बनने पर पटेरा में कांग्रेस पार्टी द्वारा एक वृहद बैठक संपन्न की गई। प्रदेश संगठन मंत्री के निर्देशानुसार पटेरा ब्लॉक प्रभारी समीम कुरैशी, चंकी पटेरिया, संजय चौरसिया, एम एम राही, वसंत कुशवाहा की विशेष उपस्थिति में पटेरा में ब्लॉक स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में पदाधिकारी द्वारा बताया गया की आने बली 7 सितंबर को दमोह में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का आगमन पर उनका स्वागत कार्यक्रम और समस्त कांग्रेसियों द्वारा एक विशाल रोड शो का आयोजन किया जाएगा। बैठक में नंदे चौरसिया, नवाब सिह सोलंकी, कमलेश ताम्रकार, भरत ताम्रकार, मुरारी प्यासी, कलीमुद्दीन खान, दिनेश नामदेव , मोहन कोरी, परसोत्तम यादव, ज्ञानी यादव, राजकुमार शुक्ला, नितिन ताम्रकार, हनी ताम्रकार, धरम आदिवासी, निखिल जैन,एवं सैकड़ो की तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अध्यक्ष संजय चौरसिया सेवादल जिला अध्यक्ष,एवं पटेरा से कार्यक्रम आयोजक नंदे चौरसिया रहे। कार्यक्रम का आभार वैभव ताम्रकार ने माना।

## सलैया तलैया से निकला मगर का आतंक

### एक माह से ग्रामीणों में फैला भय, वन विभाग ने सुरक्षित पकड़ा

**बनवार** । सागौनी वन परिक्षेत्र की कुलुवा बीट की ग्राम पंचायत हिनौती के सलैया तलैया में पिछले एक माह से



डेरा जमाए 5 फीट लंबे मगरमच्छ को आखिरकार वन विभाग की टीम ने सुरक्षित पकड़ लिया। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे मगरमच्छ पिंजरे में रखे बकरे के मांस का शिकार करने अंदर घुसा और कैद हो गया। इसकी सूचना चौकीदार सिब्बा अहिरवार ने बीट गार्ड नवल किशोर पटेल को दी। जानकारी मिलते ही डिप्टी रेंजर रसीद कुरैशी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.एस. लोधी की जांच के बाद वन विभाग के वाहन से मगरमच्छ को दमोह मुख्यालय लाया गया, जहां से उसे वन विहार भोपाल भेजा जा रहा है। यह रेस्क्यू अभियान परिक्षेत्र अधिकारी अखिलेश चौरसिया के निर्देशन में डिप्टी रेंजर, बीट गार्ड, चौकीदार और स्थाई श्रमिकों की मदद से सफल हुआ। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली क्योंकि यह मगरमच्छ लंबे समय से पिंजरे को चकमा दे रहा था और मार्ग से गुजरने वाले लोगों में भय का माहौल बना हुआ था।

## तालाब के पार की मरम्मत की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

धनेटा माल तालाब की पार (भीटा)में लंबे समय से उगी हुई छोटी छोटी झाड़ियां ने अब बड़ा आकर ले लिया है। इनकी वजह से पार में बेसियर के बाजू गहरी भामकी हो गई है जो तालाब की सुरक्षा के लिए खतरे की घंटी है। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि इस तालाब का निर्माण 2010 में निर्माण हुआ था। अभी दो वर्ष पहले वर्तमान सरपंच कीर्ति मनीष जैन द्वारा स्वयं की राशि से से वेसियर के पास झाड़ियों की साफ़ सफाई मिट्टी डलवाई गई थी। अगर इन झाड़ियों को निकाल कर पार की अंदर से मरम्मत नहीं की गई तो पार में बड़े रिसाव होकर लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरे की स्थिति बन सकती है। सबसे बड़ी बात, तालाब के निर्माण के 15 साल से भी पूरे होने के बाद भी अभी तक इसकी मरम्मत और सुरक्षा के लिए कभी कोई व्यवस्थाएं स्थानीय प्रशासन ने नहीं की। पार के ऊपरी हिस्से में भी बड़े-बड़े गड्ढे, जगह-जगह से धंसकने भी लगा है पार का ऊपरी हिस्सा जो पार रोड के नाम से जाना जाता है जगह जगह से धंसने लगा है। इसकी जर्जर स्थिति बड़े खतरे की ओर संकेत कर रहे है। खेतों तक पानी पहुंचने बाली नहरें भी कच्ची बनी है वो भी लगभग क्षतिग्रस्त हो चुकी है। तालाब की भमकी की जानकारी सरपंच प्रतिनिधि मनीष जैन द्वारा जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों फोन के माध्यम से सूचना दी गई लेकिन अधिकारियों का ध्यान आकर्षण नहीं हो रहा है। रीतेश साहू सब इंजीनियर जलसंसाधन विभाग तेंदूखेड़ा से संपर्क किया गया तो उन्होने फोन रिसीव नहीं किया।

## वृक्षारोपण कर ग्रीन मिशन की सराहना की



**दमोह**। ग्रीन मिशन दमोह टीम के द्वारा हाउसिंग बोर्ड दमयंतीपुरम में दमोह विधायक पूर्व वित्तमंत्री जयंत मलैया के मुख्य आतिथ्य में ब्लॉक ए, बी, सी मार्ग पर वृक्षारोपण किया गया। श्री मलैया ने पर्यावरण संरक्षण अभियान में ग्रीन मिशन टीम और दमयंतीपुरम के लोगों द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण की प्रशंसा की और कहा कि यह आयोजन एक सार्थक पहल के साथ हो रहा हैं जिससे धरती को हरा भरा बनाया जा सकता हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पर्यावरण प्रभारी रमन खत्री ने बताया कि मिशन ग्रीन टीम पिछले 10 वर्षों से सिद्धार्थ मलैया के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रही हैं और सघन वृक्षारोपण करती आ रही है। स्कूल , कॉलेज, शासकीय कार्यालयों, मंदिर परिसर में लाखों उन्नत वृक्षों का रोपण कर चुकी हैं और अधिकतर पौधे वृहत रूप ले चुके हैं। संयोजक महेन्द्र जैन, पतंजलि आरोग्य और योग संगठन से कृष्ण कुमार परोहा, योगी दीपक राजपूत, ग्रीन मिशन टीम मनीष तिवारी, विकास जैन, दमयंती मंडल अध्यक्ष रमाकांत बाजपेई, मंडल उपाध्यक्ष वेद दुबे, मंडल महामंत्री मनीष सोनी, श्याम विश्वकर्मा,आदित्य सिरोठिया, बाबू सोनी, दमयंती नगर वासी निखिल परोहा, पुरुषोत्तम महदेले, उधम सिंह, लक्ष्मण सिंह, दिलीप मिश्रा, सौरभ राय, कृष्ण कुमार दुबे, श्रीमति राधा सोनी, साधना जैन, डॉ अभिनंदनी जैन, सीता परोहा, नीता तिवारी, सुरेंद्र सिंह, उदय चंद जैन,कुलदीप सिंह, हाउसिंग बोर्ड कर्मचारी एन के गुप्ता, नीरज पटेल ने उन्नत वृक्षों का वृहद रोपण किया। इस आयोजन के बाद श्री मलैया ने पतंजलि आरोग्य केंद्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के संयोजक महेन्द्र जैन ने वृक्षारोपण में सहयोग करने वाले अतिथियों और दमयंतीपुरम के निवासियों का आभार जताया।

## हितग्राही मूलक कार्यों का किया निरीक्षण




**हिनौताकलां**। जनपद पंचायत हटा के सी ई ओ संजीव गोस्वामी, मनरेगा अधिकारी द्वारका पटेल एवं आजिविका मिशन हटा के बी एम संजय सिंह पंचायत भ्रमण के दौरान जनपद की बड़ी पंचायतों में से एक ग्राम पंचायत हिनौता कलां पहुंचे, जहां उन्होंने सार्वजनिक निर्माण कार्यों सहित हितग्राही मूलक कार्यों का निरीक्षण कर ग्राम में विकास हेतु नवीन योजनाओं के संबंध में सरपंच प्रतिनिधि विक्रांत पटेल से चर्चा की। सरपंच प्रतिनिधि जी द्वारा ग्राम में हॉट बाजार निर्माण, बस स्टेण्ड पर शौचालय, मूत्रालय निर्माण, गौचर भूमि अतिक्रमण एवं मीट मार्केट को ग्राम से बाहर अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित करने हेतु चर्चा की गई। साथ में सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शशिकांत उर्फ मोंटी पटेल एवं पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।